सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 18.12.2024

#इटावा पुलिस द्वारा 01 करोड़ रुपयों की सामग्री/वाहन की गयी बरामदगी।

#साइबर फ्रॉड करने वाले गैंग का पर्दाफाश; 06 अभियुक्त गिरफ्तार

#लगभग 50 लाख रूपये की ठगी कर कर चुके थे

आम जनमानस को मनरेगा तथा इन्सोरेन्स/पीडल्बूडी में काम दिलाने का झाँसा देकर उनके बैंक में एकाउन्ट खुलवाकर उनके एटीएम, पासबुक, चैक तथा सिमकार्ड का प्रयोग कर साइबर फ्रॉड करने वाले 06 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से फ्रॉड में प्रयुक्त मोबाइल, लैपटॉप,सिमकार्ड, आईपैड, फर्जी आधार कार्ड, बैंक चैकबुक एवं 03 कार की गयी बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बसरेहर एवं थाना साइबर क्राइम इटावा पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

I4C (इन्डियन साइबरक्राइम कॉर्डिनेशन सेन्टर) द्वारा सम्पूर्ण भारत मे साइबर अपराध करने वाले अभियुक्तों का डाटा लखनऊ साइबर मुख्यालय को दिया जाता है जिसके माध्यम से जनपद इटावा मे **STR** (SUSPECIOUS TRANSATION RECORD) से संबंधित अभियुक्तो की गिरफ्तारी एवं साइबर फ्रॉड के माध्यम से धोखाधड़ी करने वाले गैंग के पर्दाफाश हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 17/18.12.2024 की रात्रि को थाना साइबर इटावा एवं थाना बसरेहर पुलिस द्वारा थाना बसरेहर क्षेत्रान्तर्गत कल्ला बाग पर भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि गिरोह बनाकर साइबर ठगी करने वाले व्यक्ति अकबरपुर बाईपास के पास खड़े हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुये आवश्यक बल प्रयोग कर **06 व्यक्तियों को अकबरपुर बाईपास के पास से समय 06.55 बजे सुबह कुल 03 कार (01 कार वैन्यू, 01 कार नेक्सॉन तथा 01 होण्डा सिटी कार फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुयी) सहित गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये व्यक्तियों से पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये उनकी तलाशी ली गयी तो उन सभी के कब्जे से कुल 06 मोबाइल भिन्न-भिन्न कम्पनी, 04 मोबाइल आईफोन, 02 लैपटॉप, 02 एप्पल आईपैड, 02 पैन ड्राइव, 04 एटीएम कार्ड, 05 फर्जी आधार कार्ड, 03 चैक बुक (एक्सिस बैंक), 02 सिम कार्ड (एयटेल कम्पनी) के बरामद किये गये उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी तो उनके द्वारा बताया गया कि हम लोग हम लोग मिलकर जनता के लोगों को मनरेगा, इन्शोरेन्स तथा पीडब्लूडी में काम का प्रलोभन देकर उनके बैंक में खाते खुलवा देते हैं तथा उनके खाते में लिंक मोबाइल नम्बर तथा बैंक की चैकबुक एवं एटीएम कार्ड को ले लेते हैं जिससे हम बैंक खातों में लिंक मोबाइल नम्बर से यूपीआई आईडी जनरेट करके टेलीग्राम पर बने एक ग्रुप में उस यूपीआई आईडी को भेज देते हैं और उस आईडी में जो साइबर फ्रॉड का पैसा आता है उसे एटीएम से निकालकर अपने साथियों के खातों में जमा कर देते हैं और BINANCE, BYBIT, WAJIR X, COCOIN APP के माध्यम से वालेट बनाकर एक USDT ***(UNITED STATES DOLLER TETHER) बनाकर एक USDT लगभग 86/87 रूपये में खरीदकर उसे 105 रूपये में बेच देते हैं जिससे हमें प्रत्येक USDT पर लगभग 18 रूपये का लाभ हो जाता है और एक एकाउन्ट से एक दो दिन में ही लगभग 03-04 लाख रूपये के USDT बेचकर अच्छा लाभ कमा लेते हैं।***

इस प्रकार हम लोगों ने मिलकर 01 वर्ष से 50 लाख के USDT बेचकर लगभग 15 लाख रूपयों का लाभ प्राप्त किया है

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बसरेहर पर मु0अ0सं0 116/2024 धारा 319(2)/318(4)/336(3)/338/340(2)/3(5) बीएनएस व धारा 66C/66D आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया। बरामद तीनों कार को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट के तहत सीज किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. **अंकित मिश्रा पुत्र सत्यनारायण मिश्रा निवासी दिवनपुर थाना किशनी जनपद मैनपुरी हाल निवासी विकास कालोनी थाना इकदिल जनपद इटावा उम्र 25 वर्ष।**
2. **अभिषेक उर्फ अनुज पुत्र छोटेलाल निवासी किल्ली रोड कस्बा बसरेहर जनपद इटावा उम्र 22 वर्ष।**
3. **पवन राय पुत्र अजीत कुमार निवासी बाबा सारणपुर थाना महाराजपुर ग्वालियर म0प्र0 उम्र 27 वर्ष।**
4. **यश उर्फ मनु पुत्र सौरभ निवासी शकुन्तला नगर थाना फ्रेण्डस कालोनी जनपद इटावा उम्र 22 वर्ष।**
5. **विशाल चौहान पुत्र पृथ्वीपाल निवासी बीएल-04 डीडी नगर थाना महाराजपुर ग्वालियर म0प्र0 उम्र 24 वर्ष।**
6. **सूरज पुत्र सुरेन्द्र सिंह भदौरिया निवासी नारायाण बिहार कालोनी गोले का मन्दिर ग्वालियर म0प्र0 उम्र 28 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोगः-

1. **मु0अ0सं0 116/2024 धारा 319(2)/318(4)/336(3)/338/340(2)/3(5) बीएनएस व धारा 66C/66D आईटी एक्ट थाना बसरेहर जनपद इटावा।**

बरामदगीः-

1. 01 कार वैन्यू कार UP 75 AU 3877
2. 01 कार होण्डा सिटी
3. 01 कार नेक्सॉन UP 75 AM 7999
4. 01 फर्जी नम्बर प्लेट
5. 06 मोबाइल भिन्न-भिन्न कम्पनी
6. 04 मोबाइल आईफोन
7. 02 लैपटॉप
8. 02 एप्पल आईपैड
9. 02 पैन ड्राइव
10. 04 एटीएम कार्ड
11. 05 फर्जी आधार कार्ड
12. 03 चैक बुक **(एक्सिस बैंक)**
13. 02 सिम कार्ड **(एयटेल कम्पनी)**

पुलिस टीमः- प्रथम टीमः- थानाध्यक्ष श्री समित चौधरी थाना बसरेहर, उ0नि0 अनीश अहमद, उ0नि0 सौरभ राणा, उ0नि0 राघवेन्द्र सिंह, हे0का0 संदीप कुमार,का0ऑ0 अभय, का0 मोहित, का0 चालक राहुल, का0 धर्मवीर, का0 आकाश पवार।

द्वितीय टीमः- निरी0 श्री रणबहादुर सिंह प्रभारी थाना साइबर इटावा, का0 बृजेश गोला, का0 संदीप।

नोटः- उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम को उत्साहवर्धन हेतु 25,000/- रुपये से पुरस्कृत किया गया है।